अध्यक्ष महोदय : ऐसा करने से क्या होता है ? अब दुबारा मीटिंग कर लेंगे ।

(व्यवधान)

श्री रतन सिंह राजदा : सभा के सदस्यों की सुरक्षा खतरे में नहीं है ।

श्री सत्यसाधन चक्रवर्ती : हम लोकतंत्र के हिस्से हैं, लेकिन वह लोकतंत्रता हमें सभा में देखने को नहीं मिलती ।

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यह आप मुझसे क्या करने के लिए पूछ रहे हैं ?

(व्यवधान)

श्री सत्यप्रकाश चक्रवर्ती : (व्यवधान) हम इसे सभा में नहीं पाते। यह लोकतंत्र क्या है ?

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यह क्या है ?

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : नहीं, नहीं। उसका प्रश्न नहीं है। गलत उद्धृत न करें, गलत बात न करें।

(व्यवधान)

संसदीय कार्य, खेल तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री बूटा सिंह): जैसा कि आपने बिल्कुल ठीक कहा कि संसद भवन के अन्दर जो व्यवस्था की गई है वह आपने सभा को जो आश्वासन दिया था उसके अनुसार है। सरकार को यह निर्देश लिखित रूप में प्राप्त हुए थे। इस प्रकार की व्यवस्था जरूरी समझी गई। आपने विरोधी पक्ष के नेताओं की मीटिंग भी बुलाई थी। उस मीटिंग में यह व्यवस्था भी उनके समक्ष रखी गयी थी। उन्होंने इस पर चर्चा की थी। इस चर्चा के दौरान कुछ संशोधन किये गये और उसी के अनुसार ही प्रबन्ध किये गये।

माननीय अध्यक्ष जो कुछ आश्वासन देते हैं वह हमारे लिए एक निर्देश बन जाता है। हमें उसे पूरा करना होता है। जो माननीय सदस्य यहां उपस्थित हैं इसके अलावा इस माननीय सभा में आने वाले हर व्यक्ति के जीवन की सुरक्षा होनी चाहिए। और यह सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

(व्यवधान)

विरोधी पक्ष के लिए सरकार तथा सत्तारूढ़ पक्ष पर दोष मढ़ना आसान है। लेकिन क्या सभा इस बात को विस्मृत कर सकती है कि विरोधी पक्ष के माननीय सदस्य कारतूस भरी पिस्तौल लेकर सभा में आये थे ? क्या इस तथ्य से इन्कार किया जा सकता है ?

प्रो० मधु दण्डवते : वह भरी हुई नहीं थी।

श्री बूटा सिंह : यह बात केवल यहीं समाप्त नहीं हो जाती (व्यवधान) अभी मुझे कुछ और भी कहना है।

(व्यवधान)

यह कहना गलत है कि हम सभा के अन्दर इस तरह का वातावरण पैदा कर रहे हैं। हम सभा में मौजूद किसी भी व्यक्ति पर उंगली नहीं उठा रहे हैं कि कौन इसके लिए जिम्मेदार है। लेकिन इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि सभा के सदस्य···

(व्यवधान)

श्री रतन सिंह राजदा : पिस्तौल भरी हुई थी।

श्री बूटा सिंह : माननीय सदस्य बिना उचित पास या दस्तावेज के लोगों को यहां ले आते हैं।

सभी सदनों में यही प्रथा अपनाई जाती है। संयुक्त राष्ट्र संघ में भी सदस्यों को परिचय पत्र अपने पास रखने होते हैं। सुरक्षा परिषद के सदस्यों को भी परिचय-पत्र अपने पास रखना जरूरी होता है। परिचय-पत्र पास रखने का अभिप्राय यह है कि व्यक्ति की पहचान की जा सके। इस सभा में 'वाच एण्ड वार्ड' स्टाफ सब सदस्यों की पहचान रखते हैं। (**व्यवधान**) संसद सदस्यों के जीवन की सुरक्षा के लिए यह प्रबन्ध किया गया है।

अध्यक्ष महोदय : आनरेबल मेम्बर, जरा आप बैठ जाइये और मेरी बात सुनिये। देखिये···

प्रत्येक सदस्य पहले सदस्य है उसके बाद कुछ और। मेरे लिए भेद-भाव करने का प्रश्न ही नहीं है। मैं किन्हीं दो सदस्यों के बीच भेद-भाव नहीं कर सकता। इस सम्मानित संसद के सभी माननीय सदस्य समान रूप से माननीय तथा आदरणीय हैं। उन सभी को एक समान अधिकार हैं तथा वे एक ही सी प्रक्रियाओं में से गुजरते हैं। अतः यहां कोई भेद-भाव नहीं है। किन्तु अब भी मैं इस सम्मानित सभा की सम्मति के अनुसार चलूंगा और इसके लिए मैं सदैव यह आश्वासन दे सकता हूं।

(**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : आप बीच में व्यवधान क्यों करते हैं ? आप कम से कम मेरी बात सुनने की शिष्टता तो दिखाइये।

श्री हरिकेश बहादुर (गोरखपुर) : आप नेताओं की एक बैठक बुलाइये।

अध्यक्ष महोदय : यही मैंने किया था और मैं दुबारा···

(**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : आप सुनते क्यों नहीं ?

श्री सत्यसाधन चक्रवर्ती : मुझे खेद है कि आप सदन को बहका रहे हैं। (**व्यवधान**)। आपका सदन में हित निहित है। (**व्यवधान**) इसके बाद तो व्यवस्था हो चुकी थी।

(**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : क्या आप मेरी बात नहीं सुनेंगे ?

श्री रतनसिंह राजदा : आप यह कैसे मान लेते हैं कि आपकी सारी बातें यह सभा स्वीकार कर लेगी।

अध्यक्ष महोदय : कृपया, क्या आप मेरी बात सुनेंगे ? मैं आपको सारा ब्यौरा दूंगा।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, कार्यवाही में मत जाइये। अगर श्री मधु दंडवते के पिस्तौल से···यह सारा मामला उठा है तो फिर आप मेम्बरों के बारे में भी इन्तजाम कीजिए, आप इससे उनको रिहाई नहीं दे सकते हैं।

प्रो० मधु दंडवते : सदन की सुरक्षा के लिए यह व्यवस्था करने की बजाय आप मुझे सदन से बाहर रख सकते हैं।

अध्यक्ष महोदय : मेरी बात सुनिये। मैं उसको नहीं लाता···

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : बूटा सिंह ने उस मामले का जिक्र कर यह स्वीकार कर लिया है कि यह मेम्बरों पर आपत्ति है।

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : अगर आप लोग मेरी बात सुन लें तो स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। मैं सिर्फ इतना बताना चाहता हूं कि इस हाउस में पूछा गया कि हम मेंबर्स की सुरक्षा के लिए क्या कर रहे हैं। मैंने कहा था कि जो कुछ मेरे से हो सकता है वह जरूर करूंगा।

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : अब मैं आपको बताना चाहता हूं···

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय: क्या आप मेरी बात सुन नहीं सकते। आप मेरी बात को सुनने का धैर्य नहीं रखते। आप मेरी बात क्यों नहीं सुन रहे हैं?

श्री सत्यसाधन चक्रवर्ती : मैं आपकी बात सुनूंगा। आपको भी मेरी बात सुननी होगी, श्रीमान्।

अध्यक्ष महोदय : मुझे क्यों सुननी चाहिए?

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : श्री हाल्दर, इधर देखिये। आप प्रतीक्षा करने की शिष्टता भी नहीं रखते! मेरी बात सुनिये। मैं सदन को यह वचन दे चुका हूं कि मैं कोई उपाय करूंगा।

श्री चन्द्रजीत यादव (आजमगढ़) : यह समाप्त हो चुका है। अब, दूसरा विषय लिया जाना चाहिए। (व्यवधान) आप सभी नेताओं को बातचीत के लिए बुलाइए। अब, आपको दूसरे विषय पर आना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय : यही तो मैं कह रहा हूं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : आप एक बार फिर से बुलवा लीजिए और फिर से बात कर लीजिए।

श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा (गढ़वाल) : अध्यक्ष महोदय, यह बहुत साधारण सा मामला है। इसके लिए अलग से बुला लीजिए और बात कर लीजिए।

अध्यक्ष महोदय : मैं कहना चाहता हूं कि मुझे कहा गया था इसलिए मैंने यह किया है। करने के बाद आपके सामने रख दिया है। अगर···

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मेरी बात तो सुन लीजिए। इसके बावजूद, मैं सभी गुटों/दलों के नेताओं को बुलाऊंगा। मैं हरएक से बात नहीं कर सकता। इस विषय पर दुबारा बातचीत कर सकता हूं। कोई समस्या नहीं है।

सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण

श्री भरत कुमार मालदेव जी ओडेदरा (पोरबन्दर)

श्री सैफुद्दीन सोज (बारामूला)

श्री जी० भूपति (पेद्दापल्लि)

सचिव : अब्दुल रशीद काबुली।

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : यह गलत है, इसकी अनुमति नहीं है।

(व्यवधान)

कुछ माननीय सदस्य : यह सदन की अवमानना है।

(व्यवधान)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : प्रधान मंत्री बैठी क्या कर रही हैं ?

(व्यवधान)

इनको माफी मांगनी होगी।

(व्यवधान)

अगर यह माफी नहीं मांगेंगे तो सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी। यह देश की सुप्रीम पार्लियामेंट है, कोई सदर बाजार नहीं है। शर्म की बात है।

श्री चन्द्र शेखर (बलिया) : मैं आपसे एक प्रार्थना कर सकता हूं ?

अध्यक्ष महोदय : मैं बिल्कुल अनुमोदन नहीं करता।

(व्यवधान)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष जी, जो कुछ हुआ है अशोभनीय और निन्दनीय है। आप इनसे मांफी मंगवाइये।

अध्यक्ष महोदय : देखिए साहब, आप सारे माननीय सदस्य हैं। इस हाउस में जो भी चुनकर, इलेक्शन कमीशन की तरफ से डिक्लेयर होकर आता है उस माननीय सदस्य को शपथ लेने का पूरा अधिकार है, अगर किसी को कोई है तो यहां भी आप अपनी बात कहते हैं, इलेक्शन कमीशन है, इलेक्शन पेटीशन है, हाई कोर्ट है, सारा कुछ है, कर सकते हैं। लेकिन जिस तरीके की बात आप यहां करते हैं। मिस्टर टाइटलर, आपने अच्छा नहीं किया है। मैं इसका अनुमोदन नहीं करता।

सदस्य द्वारा शपथ ग्रहण

श्री अब्दुल रशीद काबुली (श्रीनगर-जम्मू और कश्मीर)

निधन सम्बन्धी उल्लेख

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य, हम ढाई महीनों के अन्तराल के बाद मिल रहे हैं और सदन को यह सूचित करने का मेरा दुखद कर्त्तव्य है कि इस सभा के भूतपूर्व अध्यक्ष सरदार हुकुमसिंह जी का 88 वर्ष की आयु में 27 मई, 1983 को नई दिल्ली में निधन हो गया।

एक प्रमुख सांसद, सरदार हुकुम सिंह संविधान सभा तथा अन्तरिम संसद् के सदस्य थे और 1948-67 के दौरान पहली तीन लोक सभाओं के सदस्य रहे।

मार्च, 1956 में, विपक्ष के सदस्य तथा सभापतियों की तालिका के सदस्य सरदार हुकुम सिंह को उपाध्यक्ष पद के लिए चुना गया था। वह दूसरी लोक सभा के उपाध्यक्ष भी दुबारा चुने गए।

अप्रैल 1962 में वे तीसरी लोक सभा के अध्यक्ष के उच्च पद के लिए निर्विरोध चुने गये और मार्च 1967 तक इसी पद पर रहे।

सरदार हुकुम सिंह एक मिलनसार व्यक्ति थे। संसदीय संस्थाओं में उनकी अटूट आस्था थी और एक पीठासीन अधिकारी की हैसियत से उनका अद्वितीय योगदान रहा और अध्यक्ष पीठ से उन्होंने महत्वपूर्ण निर्णय और विनिर्णय दिये।

दूसरी लोक सभा के उपाध्यक्ष की हैसियत से वह विशेषाधिकार समिति, गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों और संकल्पों सम्बन्धी समिति तथा अधीनस्थ विधान सम्बन्धी समिति के सभापति रहे।

लोक सभा के अध्यक्ष की हैसियत से वह संवैधानिक तथा संसदीय अध्ययन संस्थान के प्रथम अध्यक्ष भी चुने गए।

अध्यक्ष पद के अपने कार्यकाल में उन्होंने सोवियत संघ, मंगोलियन जनवादी गणतन्त्र, संयुक्त राज्य अमेरिका, पश्चिम जर्मनी, यूनाटेड किंगडम तथा फिलीपाइन्स भेजे गए भारतीय संसदीय शिष्ट-मंडलों का नेतृत्व किया। नाइजीरिया में लागोस में तथा मलेशिया में कुआलालम्पुर में हुए राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के लिए भारतीय शिष्टमंडल का भी इन्होंने नेतृत्व किया। वह दो वर्ष तक राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की महापरिषद के सदस्य भी रहे।

अप्रैल 1967 में सरदार हुकुम सिंह राजस्थान के राज्यपाल नियुक्त किए गए और 1972 तक इस पद पर रहे।

गहन धार्मिक प्रवृत्ति वाले सरदार हुकुम सिंह एक बुद्धिजीवी, समाज-सुधारक और योग्य प्रशासक थे। अपने सरल हृदय और बौद्धिक गुणों, सदा बनी रहने वाली शिष्टता की भावना और शालीन व्यवहार के कारण उन्हें सभी से आदर मिला।

उनके निधन से देश ने एक ऐसा सपूत खो दिया है, जो जन-सेवा तथा लोकतंत्रीय संस्थाओं के प्रति पूरी तरह से समर्पित था।

हम अपने इस मित्र के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हैं तथा मुझे विश्वास है कि पूरा सदन शोक संतप्त परिवार को हमारी संवेदना प्रेषित करने में मेरे साथ हैं।

प्रधानमंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : श्रीमान्, मैं सरदार हुकुम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करती हूं। उन्होंने इस सम्मानित सदन की कार्यवाहियों की गरिमा, निष्पक्षता तथा पूर्णनिष्ठा के साथ

अध्यक्षता की तथा सदन के सभी वर्गों का आदर प्राप्त किया।

सरदार हुकुम सिंह पंजाब में कई दशकों तक जन सेवा करने के बाद इस उच्च पद पर पहुंचे। बाद में राजस्थान के राज्यपाल के रूप में सेवा करने का गौरव प्राप्त किया।

उनके परिवार और मित्रों तक कृपया हमारी संवेदना पहुंचाएं।

श्री समर मुखर्जी (हावड़ा) : मैं, सदन में आपके और प्रधानमंत्री जी द्वारा व्यक्त भावनाओं में आपके साथ हूं। यद्यपि मैं सरदार हुकुम सिंह और उनके कार्यों से व्यक्तिगत रूप में परिचित नहीं हूं, हां, काफी समय पहले मैंने उनका नाम एक असाधारण संसद-विद् तथा एक प्रमुख अध्यक्ष के रूप में सुना था। उनके योगदानों का पहले ही उल्लेख हो चुका है। एक ऐसे असाधारण संसद-विद् के निधन से हमारे संसदीय लोकतंत्र को तथा जनता को वास्तव में क्षति पहुंची है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि हमारी सांत्वनाएं शोक-संतप्त परिवार तक पहुंचाएं।

श्री रशीद मसूद (सहारनपुर) : अध्यक्ष महोदय, इंसान की पैदाइश अपने-में खुद फना का पैगाम लेकर आती है। लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जो फना होने के बाद भी अपनी याद की एक छाप तवारीख पर नुमायां छोड़ जाते हैं। सरदार हुकुम सिंह ऐसे लोगों में से थे जिन्होंने अपनी छाप तवारीख पर छोड़ी। वह एक मामूली किसान के घर पैदा हुए, अपनी मेहनत, लगन, अनथक कोशिशों और जनता की सेवा से उन्होंने हिन्दुस्तान की तवारीख में एक ऐसा मुकाम बनाया। इस पार्लियामेंट के स्पीकर जब सरदार हुकुम सिंह हुए तो उनसे पहले जो हमारी इस पार्लियामेंट के स्पीकर थे वह नुमायां तौर पर इसकी तवारीख में एक स्थान रखते थे, एक छाप इस मुल्क की पार्लियामेंट की डेमोक्रेटिक हिस्ट्री पर उन्होंने डाली थी। इसलिए मैं समझता हूं कि उनका काम बहुत ज्यादा मुश्किल था। मगर उन्होंने जिस खूबी से और खुशनसीबी से उस काम को अन्जाम दिया उसकी नज़ीर मिलना मुश्किल है। आज ऐसे लोग बहुत कम हैं कि जिनको इस गुरबत के मुकाम से उठ करके और लड़ करके इस मुकाम तक पहुंचने का मौका मिले।

मैं अपनी जानिब से और अपनी पार्टी की जानिब से सरदार हुकुम सिंह जी को खिराजे अकीदत पेश करता हूं और आपसे यह दख्वास्त पेश करता हूं कि मेरी जानिब से और मेरी पार्टी की जानिब से उनकी फेमिली तक यह पैगाम पहुंचा दिया जाय कि हम उनके गम में शामिल हैं।

प्रो० मधु दण्डवते (राजापुर) : अध्यक्ष महोदय, हम आज देश के एक ऐसे महान व्यक्ति को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं जो लोक सभा के अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं और जिन्होंने इस उच्च पद पर अत्यन्त योग्यता, सम्मान और निष्पक्षता के साथ काम किया। जब सरदार हुकुम सिंह अध्यक्ष पद पर आसीन होते थे, जिस पर आज आप विराजमान हैं, तो वह कभी भी बांयी अथवा दांई ओर नहीं देखते थे अपितु उनकी दृष्टि सदा सामने टंगे हुए श्री विट्ठल भाई पटेल के चित्र की ओर रहती थी। जो शासन के लिए चुनौती स्वरूप थे,जिन्होंने सभा की गरिमा को बराबर बनाये रखा और जिन्होंने कार्यपालिका के ऊपर विधान मंडल की श्रेष्ठता स्थापित करने का प्रयत्न किया। उन्होंने अपने विनिर्णयों से विभिन्न विषयों पर स्वतंत्र और निर्भीक वाद-विवाद का प्रोत्साहन किया, जिसमें इस सभा के विशेषाधिकार और अधिकार भी शामिल हैं। सरदार हुकुम सिंह ने अध्यक्ष के नाते जो विभिन्न विनिर्णय दिए हैं मैं उनका अध्ययन कर रहा था और मैंने अनुभव किया कि उन्होंने कई अवसरों पर नये विनिर्णय दिए हैं। हमें आज भी उनका अनुकरण करना चाहिये। सरदार हुकुम सिंह के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि लोक सभा के सदस्यों की ओर से

नहीं अपितु आपकी ओर से अभिव्यक्त होनी चाहिए, क्योंकि इसमें अनुकरण योग्य अनेक बातें हैं। उदाहरणार्थ, 2 अगस्त, 1966 को जब सभा में लोकलेखा समिति की रिपोर्टों के प्रति मंत्री के रवैये के बारे में प्रक्रिया सम्बन्धी मामले विशेषाधिकार प्रस्ताव के जरिये उठाए गए तो उन्होंने इस विषय को तकनीकी दृष्टिकोण से नहीं लिया उन्होंने यह नहीं कहा कि "यह विषय स्वीकृत नहीं किया जाता", उन्होंने यह कहा कि प्रक्रिया संबंधी विषय पर सभा में बहस की जरूरत है और उन्होंने श्री मधुलिमये को उस विषय को सभा में उठाने की अनुमति दे दी। इस विषय पर सभा में चर्चा हुई। वित्त मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से हुई बहस सचमुच स्वस्थ और लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुकूल रही। आधे घण्टे तक प्रस्ताव की ग्राह्यता पर चर्चा हुई और, यद्यपि अन्त में यह अस्वीकृत कर दिया गया, सभा को विभिन्न विचार और तर्क सुनने का मौका मिला। इस तरह के महत्वपूर्ण कार्य उन्होंने सभा में किये। उन्होंने प्रत्येक सदस्य के अधिकार और विशेषाधिकार की रक्षा की। और यही उस महान व्यक्तित्व की हमारे लिए विरासत है जो आज हमारे बीच में नहीं रहा। गहरी धार्मिक पृष्ठभूमि के कारण उन्होंने इस सभा में गहन धार्मिक प्रवृत्ति की छाप छोड़ी है। उन्होंने लोकसभा को प्रजातांत्रिक भावना प्रदान की, उन्होंने इस सभा को निर्भीकता प्रदान की, उन्होंने इस सभा में निष्पक्षता का संचरण किया। इन मूल्यों और सिद्धांतों का परीरक्षण कर लोक सभा के जीवन में उन्हें प्रयुक्त करना ही सरदार हुकुम सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (नई दिल्ली) अध्यक्ष महोदय, सरदार हुकुम सिंह के निधन से एक व्यक्तित्व हमारे बीच से उठ गया है और सार्वजनिक जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान रिक्त हो गया है। अनेक पदों को गरिमा के साथ अलंकृत करने के बाद जब सरदार हुकुम सिंह जी ने राज्यपाल के पद से अवकाश ग्रहण किया तो उन्होंने बड़ी शांति और धैर्य से जीवन की संध्या में प्रवेश किया। उस समय मैंने एक निस्पृहता, एक निरासक्ति उनके निकट अनुभव की। मेरी आखिरी मुलाकात उनसे उस समारोह में हुई थी जो डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित हुई थी। सरदार हुकुम सिंह जी डा० श्याम प्रसाद मुखर्जी द्वारा गठित नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट केसदस्य थे, जो 1952 में लोकसभा में गठित हुई थी। सरदार साहब पहले अकाली दल से सम्बद्ध थे लेकिन उपाध्यक्ष और अध्यक्ष पद पर बैठने के बाद उन्होंने अपने को सक्रिय राजनीति से अलग किया और निष्पक्षता के साथ कर्त्तव्यपालन का प्रयत्न किया। वे दृढ़ भी थे, उदार भी थे, नियमों के प्रति जागरूक भी थे और व्यावहारिक भी थे। वे जानते थे संसद भारतीय गणराज्य के हृदय की धड़कन का प्रतिनिधित्व करती है। यह धड़कन अगर सुनी नहीं गई, इस धड़कन को अवरुद्ध करने का प्रयत्न हुआ तो लोकतंत्र सफल नहीं होगा, सार्थक नहीं होगा।

अध्यक्ष के नाते एक प्रश्न जो लगातार उनके मन को मथता था वह यह था कि अध्यक्ष को अपने चुनाव के लिए बहुमत पार्टी पर निर्भर रहना पड़ता है लेकिन उसे अपने कर्तव्य का निष्पक्षता के साथ पालन भी करना पड़ता है। मैं उनके भाषणों का संग्रह देख रहा था, आप क्षमा करें, मैं उसमें से एक अंश उद्धृत करना चाहता हूं :

> "एक और विषय पर भी विचारणीय है अध्यक्ष को हर पांच वर्ष बाद चुनाव लड़ना पड़ता है। निर्वाचित होने के लिए उन्हें अपने दल का समर्थन होना आवश्यक है। यह बहुमत दल के हित में है कि अध्यक्ष को अल्प संख्यक दलों का सम्मान और विश्वास प्राप्त हो। लेकिन इस बात को प्रायः हम विस्मृत कर देते हैं और सत्तारूढ़ दल

कभी-कभी समर्थन प्राप्त करने की आशा करता है। अगर अध्यक्ष सहमत हो तो उस पर पक्षपात का आरोप लगेगा। अगर वह असहमति दर्शाता है तो अगली बार पार्टी में इस बात के लिए जोर दिया जायेगा कि उसकी जगह किसी अन्य व्यक्ति को अध्यक्ष बनाया जाये।"

सरदार हुकम सिंह ने जो प्रश्न उस समय खड़ा किया था वह आज भी अनिर्णीत है। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही हो सकती है कि सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष दोनों मिलकर बैठें और कोई ऐसा प्रबंध करें जिसमें एक बार अध्यक्ष निर्वाचित हो जाने के बाद वह दल से सम्बन्ध नहीं रखेगा, विरोध दल चुनाव में उसका विरोध नहीं करेंगे, वह निर्विरोध निर्वाचित होगा और सारे सदन का, भावना में भी और व्यवहार में भी, विश्वास सम्पादन करके दिखायेगा।

अध्यक्ष महोदय, उनके निधन से मुझे ऐसा लगता है मेरी व्यक्तिगत क्षति हुई है। मुझे उनके निकट काम करने का मौका मिला था। उनके निधन से आज हम सभी दुखी हैं, आप हमारी संवेदनायें उनके परिवार तक पहुंचा दें।

श्री सी० टी० दण्डपाणि (पोल्लाची) : भूतपूर्व लोक सभा अध्यक्ष को सभा में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। वह हमारे समय के सुप्रसिद्ध संसदविद् थे। कालेज की शिक्षा समाप्त करने के पश्चात उन्होंने समाज सेवा को अपना राजनीतिक क्षेत्र चुना। एक समाज सुधारक होने के साथ-साथ वह बुद्धिजीवी, प्रशासक और सांसद भी थे।

जैसा कि पूर्व वक्ताओं ने विचार व्यक्त किये कि उन्होंने एक मिसाल कायम की कि अध्यक्ष को किस तरह काम करना चाहिए। वह विरोधी पक्ष की ओर से उपाध्यक्ष भी निर्वाचित किए गए थे। उन्होंने विरोधी पक्ष के सदस्य रहते हुए उपाध्यक्ष पद पर अपना कार्यकाल पूरा किया। वह हमारे समय की महान विभूति हैं। निश्चय ही उनकी मृत्यु से देश की अपूर्णनीय क्षति हुई है।

मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि शोक संतप्त परिवार को हमारे दल की ओर से संवेदना भेजने की कृपा करें।

अध्यक्ष महोदय : इन्द्रजीत गुप्ता। यहां उपस्थित नहीं हैं। श्री रामावतार शास्त्री।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : अध्यक्ष जी, लोक सभा के भूतपूर्व अध्यक्ष, सरदार हुकम सिंह, अब हमारे बीच में नहीं रहे, लेकिन जनतंत्र को मजबूत करने के लिए या समाज को आगे बढ़ाने के लिए जो उन्होंने कार्य किए, वे हमारे और आपके सामने हैं। जरूरत इस बात की है कि हम उनके उन कार्यों का अनुसरण करें। जनतंत्र को मजबूत बनाने में और संसद को चलाने में जो भी उनका योगदान रहा, उसका अनुसरण करके ही हम उन्हें अपनी सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

इन शब्दों के साथ मैं अपने दल की ओर से और अपनी ओर से उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके शोक संतप्त परिवार को आपकी मारफत अपनी संवेदना भेजता हूं। आशा है आप उनके परिवार तक हमारी भावना को भलीभांति पहुंचा देंगे।

श्री ए० नीलालोहिथादसन नाडार (त्रिवेन्द्रम) : अध्यक्ष महोदय, मैं इस सदन के भूतपूर्व अध्यक्ष, सरदार हुकम सिंह, के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आपने और इस सदन के भिन्न नेताओं ने जो बातें बताई हैं, उनसे मैं पूर्ण रूप से सहमति प्रकट करता हूं। चाहे द्वितीय लोक सभा के उपाध्यक्ष

होने के नाते हो चाहे तृतीय लोक सभा में अध्यक्ष होने के नाते हो, उन्होंने इस सदन के संचालन में जो योगदान दिया है, वह सदन के इतिहास का अंग बन गया है। गवर्नर होने के नाते हो या अध्यक्ष होने के नाते हो, हमारी संसदीय प्रणाली के इतिहास में उनका नाम अमर रहेगा ही। मैं अपनी ओर से और अपनी पार्टी की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

श्री धर्मबीर सिन्हा (बाढ़) : अध्यक्ष महोदय, अभी जिन व्यक्तियों ने सरदार हुकम सिंह को श्रद्धांजलियां अर्पित की हैं मैं भी स्वयं को उनसे संबद्ध करता हूं। उन्होंने सभा में अनेक स्वस्थ परम्पराएं स्थापित की। इसके अतिरिक्त उन्होंने पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में न केवल लोक सभा को अपितु सभी विधान सभाओं को भी उस समय नेतृत्व प्रदान किया जब बाद के वर्षों में स्थिति विकट हो गई थी।

राजनीतिक दृष्टि से वह महान विभूति और संसदीय संस्थाओं के सफल नेता थे। सरदार हुकम सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने में मैं अपने मित्रों के साथ हूं।

श्री त्रिदिब चौधरी (बरहामपुर) : सरदार हुकम सिंह को जो अभी श्रद्धांजलि अर्पित की गई है मैं अपने आपको उनसे संबद्ध करता हूं जो कि हमारे देश के एक महान अध्यक्ष हुए हैं मैं उन सदस्यों में हूं जिन्हें सरदार हुकम सिंह जी को सभापति तालिका के सदस्य, उपाध्यक्ष और बाद में इस माननीय सभा के अध्यक्ष के रूप में देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मुझे याद है कि कितने सुन्दर और अनूठे ढंग से उन्होंने मधुर तर्कपूर्णता और दृढ़ता का समन्वय कर लोकतांत्रिक और संसदीय सिद्धांतों का पालन किया। इस सदन के विभिन्न वर्गों और दलों और ग्रुपों के नेताओं ने उनके संसदीय जीवन और देश में लोकतांत्रिक परम्पराओं को सुदृढ़ बनाने के लिए उनके योगदान के विभिन्न पहलुओं के सम्बन्ध में जो श्रद्धांजलियां अर्पित की हैं, मुझे इसमें कुछ और अधिक नहीं कहना है। यहां जो संवेदनाएं व्यक्त की गई हैं मैं उनके साथ अपना स्वर समवेत करता हूं। मेरी प्रार्थना है कि शोक-संतप्त परिवार को हमारी भावनाएं प्रेषित करने की कृपा करें।

श्री जी० एम० बनातवाला (पोन्नानी) : अध्यक्ष महोदय, हमारे भूतपूर्व अध्यक्ष सरदार हुकम सिंह जी के दुखद निर्धन पर जो संवेदनाएं व्यक्त की गई हैं मैं सर्वथा उनके साथ हूं। वह आज हमारे बीच में नहीं हैं। लेकिन समूचे राष्ट्र के हित के लिए उन्होंने हमारे देश में संसदीय लोकतंत्र में योगदान की अमिट छाप छोड़ दी है। हम दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हमारी प्रार्थना है कि हमारी भावनाएं और संवेदनाएं शोकाकुल परिवार तक पहुंचा दीजिए।

श्री चित्त बसु (बारसाट) : महोदय, इस माननीय सभा के भूतपूर्व अध्यक्ष सरदार हुकम सिंह जी के निधन पर आपने, प्रधानमंत्री जी ने तथा अन्य माननीय सदस्यों ने जो शोकपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त की है मैं भी उनके साथ गहन शोक की भावना व्यक्त करता हूं। इस सम्मानीय सभा के अध्यक्ष के रूप में यह याद दिलाना मेरा कर्त्तव्य है कि सभा की गरिमा और सम्मान की उन्होंने दृढ़तापूर्वक भूमिका निभाई। वह संसद की प्रभुसत्ता और श्रेष्ठता के जबर्दस्त समर्थक थे। उन्होंने देश में संसदीय लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस सभा को हमारे देश की विशाल जनता की आशाओं और आकांक्षाओं का सही दर्पण का रूप देने का उनका सतत प्रयास रहा। उन्होंने इस बात का भी प्रयत्न किया कि हमारे देश की सामाजिक और आर्थिक दशा में आधारभूत परिवर्तन लाने में संसद महत्वपूर्ण माध्यम बन सके। मैं एक बार फिर गहरा शोक व्यक्त करता हूं। आप शोक संतप्त परिवार तक हमारी भावनाएं पहुंचा दें।

श्री अब्दुल रशीद काबुली (श्रीनगर) : जनाबेवाला, आपके, प्राइम मिनिस्टर साहबा और अपोजीशन के बाकी रहनुमाओं के जजबात के साथ मैं अपने आपको वाबस्ता करता हूं जिनका इजहार सरदार हुकम सिंह के लिए, किया गया है, जो जिन्होंने हमारे पार्लिमानी निजाम में स्पीकर के तौर पर और यहां के एडमिनिट्रेशन में शानदार काम किया है। आज उनकी वफात हो गई है। मैं अपने और अपनी पार्टी के जजबात उनके साथ शामिल करता हूं लेकिन साथ ही यह तवक्को रखता हूं कि जो कामे-अजीम सरकार हुकम सिंह ने किया, हमारी अजीम जम्हूरियत, पार्लियामेंट के स्पीकर के तौर पर और जिसके बारे में हमारा यह नाज रहा है कि दुनिया की अजीम जम्हूरियत है और इस निजाम में जो स्पीकर का मुकाम है, इस सैक्रेटेरियट का मुकाम है—हम यह समझेंगे कि सरदार हुकम सिंह की जो खिदमात हैं उनकी रोशनी में हम इस जम्हूरी निजाम को और ज्यादा मजबूत बनाएंगे, और जमूहरियत के अन्दर स्पीकर का जो रोल होगा, वह गैर-जानिवदारी, उसूलपरस्ती और मुसावियानः सुलूक होगा और तमाम पार्टियों की तवक्कात से जो चीजें वाबिस्तः हैं, उनको और मजबूत किया जाएगा। मैं ऐसा समझता हूं कि इस वक्त जब मुल्क के अन्दर इस किस्म के ख्यालात बढ़ रहे हैं और हमारी जमूहरियत को एक खतरा है और यह खतरा रूलिंग पार्टी की तरफ से हो रहा है, इस बात पर ध्यान दिया जाएगा। ···(**व्यवधान**)···।

श्री कमल नाथ (छिंदवाड़ा) : महोदय, इसे कार्यवाही-वृतांत से निकाल दिया जाना जाहिए। ···(**व्यवधान**)···।

श्री अब्दुल रशीद काबुली : दूसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा कि सरदार हुकम सिंह पंजाब से वाबस्तः रहे हैं और पंजाब के हालात के बारे में जो उनके ख्यालात थे, उनको कायम रखा जाए। ···(**व्यवधान**)···।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (नई दिल्ली): अध्यक्ष जी, जहां तक रूलिंग पार्टी का सवाल है जम्मू व काश्मीर में रूलिंग पार्टी इनकी है, इसको ये ध्यान में रखें।

श्री सी० चिन्नास्वामी (गोविचेट्टिमलयम) : महोदय, आज एक महान प्रशासक और उच्चकोटि का सांसद हमारे बीच में से उठ गया है। मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि हमारी शोक और व्यथा की भावनाएं कृपा कर संतप्त परिवार तक पहुंचा दें।

श्री चन्द्रजीत यादव (आजमगढ़) : अध्यक्ष जी, हमारे इस सदन के भूतपूर्व अध्यक्ष सरदार हुकम सिंह आज हमारे बीच में नहीं रहे हैं। उनके बारे में जो भावनाएं इस सदन में व्यक्त की गई हैं, मैं पूरी तरह से अपने को उनके साथ सम्बद्ध करना चाहता हूं।

मैं केवल एक ही बात कहना चाहता हूं। सरदार हुकम सिंह जी अपनी युवावस्था से अपने संगठन के काम की दक्षता के लिए जाने जाते थे और जब उन्होंने सक्रिय राजनीति से अपने को अलग किया, तो उन्होंने अपने देश और अपने समाज के हित के लिए अपनी उस संगठन की शक्ति का योगदान दिया और सक्रिय राजनीति से अलग होने के बाद केवल दो काम उन्होंने अपने जीवन में लिये। एक तो छोटे बच्चों के सम्बन्ध में जो संस्थाएं काम कर रही थीं, उनमें बच्चों की भलाई के लिए अपना योगदान दिया। यद्यपि उनकी अपनी कोई सन्तान न थी उन्होंने एक बच्ची को गोद लिया था और बच्चों की भलाई के लिए अपनी सारी शक्ति अपनी ज्यादा उम्र के बावजूद और अपने गिरते हुए स्वास्थ्य के बावजूद, लगा दी। बच्चों के लिए जो काम होते थे उनमें उन्होंने अपना योगदान दिया और सामाजिक और

धार्मिक कामों के लिए जब कि आज देश में ऐसे लोगों की आवश्यकता है जो कि समाज को एक नई दिशा दे सकें अपने योगदान के जरिए, ऐसे वक्त में उनका हमारे बीच से उठना लोगों को महसूस होगा। मैं उनके प्रति और उनके तमाम प्रशंसनीय कार्यों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

श्री जगजीवन राम (सासाराम): अध्यक्ष जी, सरदार हुकम सिंह जिस पीढ़ी के प्रतीक थे। उसके लोग एक के बाद एक उठते चले जा रहे हैं। उनकी प्रतिभा वहुमुखी थी और उनका कार्य-क्षेत्र बहुत विस्तृत था और किस पहलू पर कहा जाए और किस पर न कहा जाए, मैं असमंजस में पड़ जाता हूं।

जब वे इस पद पर आए थे तो सारा जीवन न्याय दिलाने की अनुभूति को साथ लेकर आए थे। इसलिए यहां भी बैठ करके उन्होंने न्याय दिलाने का प्रयत्न किया और उन्होंने जो कुछ भी रूलिंग्स दी हैं उनको आज भी देखा जाए, तो मालूम होगा कि सदन के भिन्न-भिन्न हिस्सों को न्याय दिलाने में वे हिचकते नहीं थे। यह एक बड़ी चीज थी। मैंने जैसा कि पहले कहा है कि उनका कार्य-क्षेत्र बहुत विस्तृत था। सदन के भीतर और सदन के बाहर चाहे जिस पद पर भी वे रहे हों, इंसानियत को कभी भी उन्होंने नहीं खोया और यही कारण था कि उनके साथ जिनकी सहमति नहीं होती थी, वे लोग भी उनकी ओर आकृष्ट होते थे और उनकी प्रशंसा करते थे।

सरदार हुकम सिंह अकाली दल के थे लेकिन मैं कहूंगा कि वे अच्छे और सच्चे सिख थे। वे एक बहुत बड़े भारतीय थे, प्रजातंत्र के बहुत बड़े पोषक थे और यह मानते थे कि प्रजातंत्र को हम जितना सशक्त करेंगे उतना ही देश को शक्तिशाली बनाया जा सकेगा, देश को एकत्रित रखा जा सकेगा।

मैं अधिक समय न लेकर, उनके संबंध में पूर्व वक्ताओं ने जो कुछ कहा है, उससे अपने आपको जोड़ता हूं और उनके प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि व्यक्त करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : अब सभा कुछ क्षण के लिए मौन खड़ी रहेगी।

(तत्पश्चात सदस्य कुछ क्षण के लिए मौन खड़े रहे)

अध्यक्ष महोदय : दिवंगत आत्मा के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए, सभा कल म० पू० 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

तत्पश्चात लोक सभा मंगलवार, 26 जुलाई, 1983/श्रावण 4, 1905 (शक) के प्रातः 11 बजे तक के लिए स्थगित हुई।